## अभ्यास (Exercise)

1. भाषा की परिभाषा लिखिए। भाषा के भेदों के नाम लिखिए।
2. साहित्य किसे कहते हैं?
3. व्याकरण की परिभाषा लिखिए।
4. बोली किसे कहते हैं? सही उत्तर चुनिए–
   (क) जिसका प्रचलन केवल लिखित रूप में हो।
   (ख) जिस भाषा का प्रयोग सीमित क्षेत्र में भावों की मौखिक अभिव्यक्ति के लिए किया जाता है।
   (ग) गद्य साहित्य की भाषा को।
   (घ) इनमें से कोई नहीं।
5. भाषा के कितने भेद हैं?
   (क) 8 (ख) 6 (ग) 5 (घ) 2
6. भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त भाषाओं की संख्या कितनी है?
   (क) 20 (ख) 22 (ग) 18 (घ) 24
7. लिपि किसे कहते हैं? सही उत्तर चुनिए–
   (क) भाषा को लिखने के लिए प्रयोग किए जाने वाले निश्चित चिह्नों को।
   (ख) भाषा के मौखिक रूप को।
   (ग) नाट्य विमोचन करने को
   (घ) उपर्युक्त सभी को
8. व्याकरण के कितने विभाग होते हैं?
   (क) 5 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 6
9. अपने पाँच मित्रों के नाम लिखकर उनकी मातृभाषा लिखिए–

| मित्र का नाम | | मातृभाषा | |
|---|---|---|---|
| (क) | ........................ | (क) | ........................ |
| (ख) | ........................ | (ख) | ........................ |
| (ग) | ........................ | (ग) | ........................ |
| (घ) | ........................ | (घ) | ........................ |
| (ङ) | ........................ | (ङ) | ........................ |

10. निम्नलिखित वर्ग में से भाषाओं के नाम छाँटकर लिखिए–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ने | पा | ली | गु | म | ........................ |
| स | ओ | डि | आ | ज | णि | ........................ |
| मि | ड़ू | हिं | दी | रा | पु | ........................ |
| या | पं | जा | बी | ती | री | ........................ |
| म | ल | या | ल | म | क | ........................ |

Scanned with CamScanner

11. **निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) अपने मन के भावों को प्रकट करने के लिए भाषा का आविष्कार हुआ।

(ख) अपने मन के भावों को लिखकर प्रकट करने को भाषा का लिखित रूप कहते हैं।

(ग) भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया है।

(घ) साहित्य भाषा का लिखित रूप है।

12. **निम्नलिखित प्रदेशों में कौन-कौन-सी भाषाएँ बोली जाती हैं?**

X

(क) तमिलनाडु ..........................................

(ख) पश्चिम बंगाल ..........................................

(ग) कर्नाटक ..........................................

(घ) केरल ..........................................

(ङ) राजस्थान ..........................................

13. **निम्नलिखित वाक्यों के सामने सही के लिए (✓) और गलत के लिए (×) का चिह्न लगाइए–**

(क) भारत एक सीमित क्षेत्र है। X

(ख) लिपि भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराती है। X

(ग) ज्ञान-राशि के संचित कोश को साहित्य कहते हैं। ✓

(घ) व्याकरण से हम शुद्ध लिखना व पढ़ना सीखते हैं। ✓

(ङ) 'पंजाबी' 'फ़ारसी लिपि' में लिखी जाती है। X

14. **निम्नलिखित भाषाएँ कौन-सी लिपि में लिखी जाती हैं?**

(क) पंजाबी ..........गुरुमुखी

(ख) गुजराती ..........देवनागरी

(ग) उर्दू ..........फ़ारसी

(घ) अंग्रेज़ी ..........रोमन

(ङ) नेपाली ..........देवनागरी

(च) संस्कृत ..........देवनागरी

(छ) हिंदी ..........देवनागरी



Scanned with CamScanner

## अभ्यास (Exercise)

1. वर्ण किसे कहते हैं?
2. वर्णमाला किसे कहते हैं? सही उत्तर चुनिए–
   (क) वर्णों के समूह को (ख) स्वरों के समूह को
   (ग) व्यंजनों के समूह को (घ) उपर्युक्त सभी को
3. वर्णमाला को कितने भागों में बाँटा गया है?
   (क) 2 भागों में (ख) 3 भागों में (ग) 6 भागों में (घ) 8 भागों में
4. हिंदी वर्णमाला में कितने वर्ण हैं?
   (क) 19 (ख) 22 (ग) 50 (घ) 52
5. स्वर की परिभाषा लिखिए।
6. स्वर कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए–



Scanned with CamScanner

7. व्यंजन की परिभाषा लिखिए।

8. व्यंजन कितने प्रकार के होते हैं? उनके नाम लिखिए।

9. दो व्यंजनों के मिलने से क्या बनता है?

(क) संयुक्त व्यंजन ✓ (ख) द्वित्व व्यंजन (ग) स्पर्श व्यंजन (घ) व्यंजन

10. व्यंजनों के कितने भेद हैं?

(क) 4 (ख) 3 ✓ (ग) 5 (घ) 2

11. गोले में लिखे शब्दों पर अनुस्वार या अनुनासिक लगाइए, फिर उन्हें सही शीर्षक के नीचे लिखिए–

H.W

हसना कघा
सूघना दात
झडा बदर चाद
मुह चदन ठड

| | अनुस्वार वाले शब्द | | अनुनासिक वाले शब्द |
|---|---|---|---|
| (क) | ........................ | (क) | ........................ |
| (ख) | ........................ | (ख) | ........................ |
| (ग) | ........................ | (ग) | ........................ |
| (घ) | ........................ | (घ) | ........................ |
| (ङ) | ........................ | (ङ) | ........................ |

12. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।

(ख) प्लुत स्वर का प्रयोग पुकारने के लिए भी किया जाता है।

(ग) स्पर्श व्यंजनों की संख्या 25 है।

(घ) प-वर्ग का उच्चारण स्थान ओष्ठ है।

(ङ) विसर्ग का प्रयोग अधिकतर संस्कृत में किया जाता है।

13. नीचे लिखे वाक्यों के आगे सही के लिए (✓) और गलत के लिए (×) का चिह्न लगाइए–

(क) अं, अँ और अः अयोगवाह वर्ण हैं। ✓

(ख) क, ग, च, ज महाप्राण व्यंजन हैं। X

(ग) स्वरों की संख्या 11 है। ✓

(घ) हिंदी वर्णमाला में कुल पचास वर्ण हैं। X

14. नीचे लिखे वर्णों के योग से शब्द-निर्माण कीजिए–

(क) प् + अ + र् + इ + श् + र् + अ + म् + अ = परिश्रम

(ख) उ + प् + ए + क् + ष् + आ = उपेक्षा

(ग) भ् + आ + र् + अ + त् + अ = भारत

(घ) स् + ओ + न् + आ = सोना

(ङ) क् + अ + प् + ऊ + त् + अ = कपूत



Scanned with CamScanner

# 6 शब्द भेद : अर्थ के आधार पर
## (Word Classification : On the Basis of Meaning)

### पर्यायवाची (Synonyms)

***वे शब्द जो समान अर्थ प्रकट करते हैं, पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं। इन्हें समानार्थी शब्द भी कहते हैं।***

1. सूर्य – रवि, सूरज, भास्कर, आदित्य
2. पर्वत – भूधर, पहाड़, शैल, गिरि
3. पृथ्वी – भू , भूमि, धरा, वसुधा, धरती
4. ईश्वर – परमात्मा, प्रभु, भगवान, जगदीश
5. रात – रात्रि, निशा, रजनी, यामिनी
6. आकाश – नभ, गगन, अंबर, व्योम, आसमान
7. चंद्र – चाँद, शशि, राकेश, चंद्रमा, मयंक
8. राजा – भूपति, नृप, नरेश, भूपाल
9. अग्नि – आग, अनल, पावक, हुताशन
10. अमृत – सुधा, सोम, पीयूष, अमी
11. आँख – नेत्र, लोचन, नयन, चक्षु







Scanned with CamScanner

# विपरीतार्थक शब्द ( विलोम ) (Antonyms)

***विपरीत अर्थ अर्थात् उलटे अर्थ देने वाले शब्द विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहलाते हैं।***



धनी

निर्धन



हँसना



रोना

| शब्द | विलोम | शब्द | विलोम |
|---|---|---|---|
| आकर्षण | विकर्षण | अनुकूल | प्रतिकूल |
| अमृत | विष | अनुज | अग्रज |
| सम्मान | अपमान | मान | अपमान |
| प्रश्न | उत्तर | आय | व्यय |
| आदर | अनादर, निरादर | अल्प | अधिक |
| आलस्य | स्फूर्ति | उत्कर्ष | अपकर्ष |
| बुरा | भला | अच्छा | बुरा |
| ज्ञान | अज्ञान | हर्ष | शोक |
| क्रय | विक्रय | आरंभ | अंत |
| उदय | अस्त | आकाश | पाताल |
| पवित्र | अपवित्र | गीला | सूखा |

Scanned with CamScanner

**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के कुछ उदाहरण :**

| अनेक शब्द | | एक शब्द |
|---|---|---|
| 1. जिसके आने की कोई तिथि न हो | – | अतिथि |
| 2. जिसका आदि न हो | – | अनादि |
| 3. जिसका जन्म न हो | – | अजन्मा |






Scanned with CamScanner

4. जो सब कुछ जानता हो – सर्वज्ञ
5. जिसके हृदय में दया हो – दयालु
6. भाषण देनेवाला – वक्ता
7. देखनेवाला – दर्शक
8. सुननेवाला – श्रोता
9. जिसका कोई अंत न हो – अनंत
10. जिसमें बल न हो – निर्बल

Scanned with CamScanner

**9. मित्र के जन्मदिन पर न पहुँच पाने का कारण बताते हुए पत्र।**

ए-84, सेक्टर-2

नोएडा (उ०प्र०)

दिनांक : 02.08.20XX

प्रिय पंकज

नमस्कार

आशा है तुम सकुशल होंगे। तुम्हारे जन्मदिन का निमंत्रण-पत्र मुझे मिला था। उस समय मैं बु और खाँसी से पीड़ित था, जिस कारण मैं नहीं आ सका। तुम मुझे क्षमा कर देना। जन्मदिन तुम्हें ढेरों शुभकामनाएँ। यह दिन तुम्हारे जीवन में बार-बार आए।

चाचा जी व चाची जी को नमस्कार कहना।

शुभकामनाओं के साथ

तुम्हारा मित्र

गगन

Scanned with CamScanner

## 15. फ़ीस माफ़ कराने के लिए प्रार्थना-पत्र।

1745/8, सुभाष गली, गांधी नगर
दिल्ली
दिनांक : 06.10.20XX

सेवा में
श्रीमान प्रधानाचार्य जी
सेंट मैरी स्कूल
नई दिल्ली

विषय—फीस माफ़ी हेतु प्रार्थना-पत्र

महोदय

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में छठी कक्षा की छात्रा हूँ। मेरे अलावा मे दो भाई-बहन भी हैं। मेरा भाई दसवीं कक्षा में तथा मेरी बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। हम सबकी पढ़ाई पर काफ़ी खर्च आता है। मैं शुरू से ही आपके विद्यालय में पढ़ रही हूँ। मैं हमेशा कक्षा में प्रथम आती हूँ।

मेरे पिता जी का वेतन मात्र 5,000 रुपये प्रतिमाह है। इतने वेतन में हमारे परिवार का गुज़ारा मुश्किल से होता है। मैं विद्यालय की फ़ीस देने में असमर्थ हूँ। यदि आप मेरी फ़ीस माफ़ कर देंगे, तो मेरी आगे की पढ़ाई जारी रहेगी अन्यथा मुझे पढ़ाई से वंचित होना पड़ेगा। आप मेरी फ़ीस माफ़ करने की कृपा करें, मैं हमेशा आपकी आभारी रहूँगी।

धन्यवाद
आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या
मेघा शर्मा
कक्षा-6 (ब)

Scanned with CamScanner

निबंध (200) शब्दों का

① लॉकडाउन में समय कैसे बीता।

② अनुशासन का महत्व।

③ रेलगाड़ी से पहली यात्रा।

Scanned with CamScanner